Sign in to aajtak.in with Google

V Vishal Mahajan
vishalmonevoice@gmail.com

Continue as Vishal

To create your account, Google will share your name, email address, and profile picture with aajtak.in. See aajtak.in's privacy policy and terms of service.

# Force Urbania: बड़ी से ... !
# लॉन्च हो गई 17 सीटों वाल...

Force Urbania को कंपनी ने तीन अलग-अ... किया है. इस वैन में मर्सिडीज़ बेन्ज़ से सोर्स कि... इस्तेमाल किया गया है.

aajtak.in
नई दिल्ली, 23 नवंबर 2022,
(अपडेटेड 23 नवंबर 2022, 5:37 PM IST)

पुणे-बेस्ड यूटिलिटी व्हीकल निर्माता कंपनी फोर्स मोटर्स ने आज घरेलू बाजार में अपनी नई वैन Force Urbania को लॉन्च कर दिया है. आकर्षक लुक और एडवांस फीचर्स से लैस इस वैन को तीन अलग-अलग सीटिंग कॉन्फ़िगरेशन में पेश किया गया है, जिसमें 10-सीटर, 13-सीटर और 15-सीटर का विकल्प मिलता है. नई फोर्स अर्बानिया की शुरुआती कीमत 28.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तय की गई है.

Force Urbania के बेस 13-सीटर वेरिएंट की कीमत 28.99 लाख रुपये, इसमें 13 यात्री और एक चालक के बैठने की सुविधा है. वहीं 10-सीटर वेरिएंट की कीमत 29.50 लाख रुपये है, जिसमें 10 यात्री और एक चालक बैठ सकते हैं. इसके अलावा लांग व्हीलबेस वेरिएंट में 17 यात्री और एक चालक के बैठने की व्यवस्था है, जिसकी कीमत 31.25 लाख रुपये तय की गई है.

कंपनी ने इस वैन में मर्सिडीज़ बेन्ज़ से सोर्स किया गया FM 2.6 लीटर की क्षमता का CR ED TCIC डीज़ल इंजन का इस्तेमाल किया है, जो कि 115 HP की पावर और 350 Nm का टॉर्क जेनरेट करता है. ये इंजन 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन गियरबॉक्स से लैस है.

सम्बंधित ख़बरें

लॉन्च हुई सबसे सस्ती 7-सीटर कार! कीमत 5.13 लाख रुपये

Tata ने लॉन्च की र इलेक्ट्रिक सेडान! : रेंज

Force Urbania

## मिलते हैं ये ख़ास फीचर्स:

फोर्स मोटर्स का दावा है कि, इस वैन में वर्ल्ड-क्लॉस फीचर्स दिए जा रहे हैं. कंपनी द्वारा जारी किए गए वीडियो में वैन के एक्सटीरियर और इंटीरियर दोनों को ठीक ढंग से दिखाया गया है. ये देश की पहली फुली ग्राउंड-अप, मॉड्युलर पैनल वैन प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई है. सेफ्टी के तौर पर इसमें हिल होल्ड एसिस्ट, इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन (EBD) के साथ एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (ABS), वेंटिलेटेड डिस्क जैसे फीचर्स दिए जा रहे हैं.

Urbania देश की पहली वैन है जो क्रैश, रोलओवर और पैडेस्ट्रीयन (पैदल यात्रियों की सुरक्षा) सेफ्टी मानकों का पालन करती है. यहां तक कि, ये फीचर्स अभी सेग्मेंट के लिए अनिवार्य भी नहीं किए गए हैं. ये कंपनी की दूरदर्शिता को दिखाता है, जिस तरह से देश में वाहनों में सेफ्टी फीचर्स को लेकर सरकार नए नियमों को लागू कर रही है उस लिहाज से ये एक बेहतर कदम है. इसें चालक और सह-चालक दोनों के लिए एयरबैग भी दिए गए हैं. इसके अलावा 8-स्पीकर की भी व्यवस्था की गई है.

Force Urbania

वाहन चालक के कम्पर्ट और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसमें कार जैसा स्टीयरिंग व्हील, टिल्ट और टेलिस्कोपिक एडजस्टेबल स्टीयरिंग कॉलम, एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन किया गया कॉकपिट, डैशबोर्ड माउंटेड गियर लीवर, बिल्ट-इन ब्लूटूथ और कैमरा इनपुट के साथ 7-इंच टचस्क्रीन, इंजन स्टार्ट-स्टॉप और रिवर्स पार्किंग असिस्टेंस जैसी सुविधाओं को भी शामिल किया गया है. अन्य फीचर्स में व्यक्तिगत AC वेंट्स, रिक्लाइनिंग सीट्स, पैनोरमिक विंडो, रीडिंग लैंप, USB पोर्ट जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं.

**TOPICS:** मारुति सुजुकी इंडिया टाटा मोटर्स महिंद्रा थार